**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 457**
**दिनांक 04 फरवरी, 2025 के लिए प्रश्न**

**राष्ट्रीय कामधेनु आयोग**

**457. श्री पी. वी. मिधुन रेड्डीः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या गायों के कल्याण के लिए गठित राष्ट्रीय कामधेनु आयोग में कोई अध्यक्ष नहीं है;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और यह पद कब रिक्त हुआ;
(ग) राष्ट्रीय कामधेनु आयोग की सिफारिशों पर वर्ष 2019 से कार्यान्वित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(घ) वित्तीय वर्ष 2019-20 के बजट में राष्ट्रीय कामधेनु आयोग को आवंटित 500 करोड़ रुपये की निधि में से इन कार्यान्वित योजनाओं पर कुल कितना व्यय किया गया है; और
(ङ) राष्ट्रीय कामधेनु आयोग द्वारा शुरू की गई पहल में कुल कितने पशु चिकित्सा, पशुपालन और कृषि विश्वविद्यालय भाग ले रहे हैं?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) और (ख): जी हां। यह पद फरवरी 2022 से रिक्त है।

(ग), (घ) और (ड.): वर्ष 2019 से राष्ट्रीय कामधेनु आयोग (आरकेए) की सिफारिशों के आधार पर कोई योजना लागू नहीं की गई है और इसलिए कोई व्यय नहीं हुआ है।

*******